प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. श्रीवास्तव को वियना में सर्वोत्तम व्याख्यान का पुरस्कार

पंतनगर। 13 जुलाई 2017। पंतनगर विष्वविद्यालय के कृषि महाविद्याल के कीट विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक, डा. रवि मोहन श्रीवास्तव, को आस्ट्रिया की राजधानी वियना में आयोजित 19वें अन्तर्राष्ट्रीय कीट विज्ञान सम्मेलन में सर्वोत्तम व्याख्यान का पुरस्कार मिला है। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 21–22 जून 2017 को वियना में आयोजित किया गया था। इसका आयोजन विष्व विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकि एकादमी (डब्लू.ए.एस.इ.टी) ने किया था। डा. श्रीवास्तव ने अपने शोध पत्र में टमाटर में लगने वाले बहुफसल–भक्षी कीट *हेलिकोवर्पा आरमीजेरा* की फाइलोजेनी के अध्ययन के विषय में प्रस्तुतीकरण दिया था। इस संगोष्ठी में 45 देषों, जिसमें ब्रिटेन, अमेरिका, हंगरी, आस्ट्रेलिया, कोलंबिया, जापान, थाईलैण्ड, कंबोडिया आदि प्रमुख हैं, के वैज्ञानिकों ने अपने शोध पत्रों पर व्याख्यान दिया। सर्वोत्तम शोध व्याख्यान का पुरस्कार मिलने पर कुलपति, डा. जे. कुमार; निदेषक शोध, डा. एस.एन. तिवारी; एवं अधिष्ठाता कृषि, डा. एन.एस. मूर्ति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डा. श्रीवास्तव को बधाई दी।

डा. रवि मोहन श्रीवास्तव